# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–26.07.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मासिक मन की बात कार्यक्रम में आज देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा किये। इस दौरान उन्होंने विविध बातों का जिक्र किया और लोगों को प्रेरक तथा अनुकरणीय पहलों से अवगत कराया। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण और जल संरक्षण तथा युवाओं की उपलब्धियों का भी जिक्र किया। वर्तमान में देश में रक्षा क्षमताओं के विस्तार की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में लोगों से खादी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की।

***************

मन की बात कार्यक्रम को आज झारखंड समेत देशभर में लोगों ने व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से सुना। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा स्थित चाराडीह आवास पर सामूहिक रूप से इसका श्रवण किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कर कहा कि प्रधानमंत्री का इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से सीधा संवाद उनके जन–जन के प्रति समर्पण और संवेदनशील नेतृत्व को दर्शाता है। इधर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने रांची के ओरमांझी स्थित पैतृक गांव कुच्चू में कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम को देखा और सुना। उन्होंने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायक बताया और लोगों से उन्हें आत्मसात करने का आग्रह किया।

***************

देश के विभिन्न हिस्सों में प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता, धांधली और पेपर लीक का मामला गरमाया हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेपर लीक से जुड़े मामलों के तेज गति से निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन की घोषणा इस सप्ताह की। इस दिशा में सरकार ने पहल की है। लोकसभा में कल केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह लोक परीक्षायें अनुचित साधनों की रोकथाम संशोधन विधेयक भी पेश करेंगे। यह विधेयक लोक परीक्षायें अनुचित सांधनों की रोकथाम अधिनियम 2024 में संशोधन के लिए लाया जाएगा।

***************

इधर राज्य में भी प्रतियोगी परीक्षाओं के मुद्दे पर राजनीतिक मंच पर बयानबाजी तेज है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के मामले पर फिर राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई जांच की मांग दोहरायी है। रांची में आज प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें चेताया।

***************

विधानसभा का मॉनसून सत्र 6 अगस्त से 12 अगस्त तक चलेगा। राज्य मंत्रिपरिषद इसके औपबंधिक कार्यक्रम को मंजूरी प्रदान कर चुकी है। 7 अगस्त को विधानसभा के पटल पर अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। इस बार मॉनसून सत्र में कुल 5 कार्य दिवस होंगे। इस दौरान अनुपूरक बजट के अलावा सरकार कुछ अन्य विधायी कार्यों को निपटाना चाहेगी।

***************

करगिल विजय दिवस पर राष्ट्र आज वीर शहीद जवानों को नमन कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि कारगिल विजय भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च समर्पण का प्रतीक है।

***************

हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने वरीय अधिकारियों के साथ बड़कागांव स्थित पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गोलीबारी की घटना में शामिल अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची में डूरंड कप टूर्नामेंट का उदघाटन करेंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच जमशेदपुर फुटबॉल क्लब और डिफेंडर्स फुटबॉल क्लब के बीच खेला जाएगा।

इससे पहले रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने आज टूर्नामेंट के सफल और सुरक्षित आयोजन को लेकर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया।

********समाप्त********